Roll No.
रोल नं.

100057

Code No. **001**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

# हिंदी ( अ )

# HINDI (A)

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें।***

*निर्धारित समय : 3 घंटे* *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 16 मुद्रित पृष्ठ हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(iii)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 17 प्रश्न हैं।*

*(iv)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। पूर्वाह्न में 10.15 से 10.30 बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र को केवल पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो खंड** हैं – खंड **'अ'** और **'ब'**। खंड **'अ'** में वस्तुपरक / बहुविकल्पीय और खंड **'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।*

*(vii)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(viii)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

*(ix)* *खंड **'अ'** कुल 10 प्रश्न हैं जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 44 हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उप-प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।*

*(x)* *खंड **'ब'** में कुल 7 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

## खंड - अ

### ( वस्तुपरक प्रश्न )

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- **1x5=5**

साईंस ने काफी तरक्की कर ली है। जो चीजें पहले असंभव लगती थीं वो अब सच होती नजर आती हैं। दुनिया में ऐसे कई जीव हैं, जो गायब हो चुके हैं। प्राकृतिक आपदाओं या मौसम में आए बदलाव के कारण ये जानवर धरती से खत्म हो गए। लेकिन अब साईंटिस्ट्स इन जीवों को वापस से जिंदा करने में जुट गए हैं। इन जीवों को इंसान ने देखा नहीं है। सिर्फ उनके मिले जीवाश्म के आधार पर इनकी तस्वीरें बनाई गई हैं।

डायनासोर से लेकर मैमथ जैसे बेहद विशाल जानवर दुनिया से अचानक गायब हो गए। उनके जीवाश्म के आधार पर साईंटिस्ट्स को पता चला कि ये जीव कैसे दिखते थे ? या फिर इनकी लाइफस्टाइल कैसी थी ? ये जानवर क्या खाते थे ? कैसे रहते थे ? लेकिन अब कुछ साईंटिस्ट्स ने बर्फीले इलाके में मिले मैमथ के जमे हुए डीएनए के जरिये वापस इन्हें जिंदा करने की मुहीम शुरू की है। उन्हें उम्मीद है कि उनका एक्सपेरिमेंट सफल होगा और ये मैमथ फिर से जिंदा हो जाएँगे। इस एक्सपेरिमेंट में साईंटिस्ट्स आर्कटिक की बार्ड में मिले इन वुलेन मैमथ के डीएनए को एशियन एलिफैंट के साथ कंबाइन कर इस बीस्ट का बच्चा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। बायोटेक कंपनी कोलोसल बायोसाइंस की वेबसाइट के मुताबिक इन वुलेन मैमथ का जिंदा होना धरती के लिए बेहतर साबित होगा। हालाँकि, कई लोग इस प्रयोग के खिलाफ हैं। ओटावा के कार्लेटों यूनिवर्सिटी के जोसफ बेनेट के मुताबिक, क्लोनिंग गलत नहीं हैं। लेकिन इस तरह से गायब हो चुकी प्रजातियों को जिंदा करना खतरनाक साबित हो सकता है।

(i) कुछ लोग लुप्त हुए जीवों को पुनर्जीवित करने के वैज्ञानिक प्रयासों का समर्थन नहीं करते क्योंकि...

(क) धरती पर पहले से ही बहुत से जीव हैं।

(ख) अतीत के जीव वर्तमान के लिए उपयोगी नहीं हैं।

(ग) ऐसे प्रयास प्रकृति के साथ घातक ख़िलवाड़ जैसा है।

(घ) ये लोग खतरनाक प्रजातियों को पुनर्जीवित कर रहें है।

(ii) गद्यांश में जीवों के दुनिया से अचानक गायब होने के कुछ संभावित कारण बताए गए हैं। कारणों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कारण सही हैं?

(1) जैविक संरचनागत बदलाव (2) जलवायु में परिवर्तन

(3) मानवजनित हस्तक्षेप (4) प्रकृतिजनित आपदाएँ

(क) (1) और (2) सही (ख) (2) और (3) सही

(ग) (3) और (4) सही (घ) (2) और (4) सही

(iii) जीवाश्मों के अध्ययन से क्या नहीं पता चल पाता ?

(क) विलुप्त हुए जीवों की विलुप्ति का कारण

(ख) विलुप्त हुए जीवों के निवास का स्थान

(ग) विलुप्त हुए जीवों की जीवन-शैली

(घ) विलिप्त हुए जीवों का आकार-प्रकार

(iv) करोड़ों वर्ष पहले विलुप्त हुए विशालकाय जीवों को जीवित करने के प्रयास के संदर्भ में अनुपयुक्त कथन है-

(क) इसे विज्ञान का चमत्कार ही कहा जा सकता है।

(ख) यह पूर्ण रूप से एक प्राकृतिक घटना ही है।

(ग) यह वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से संभव हुआ है।

(घ) यह जीवाश्मों पर किए गए प्रयोगों का परिणाम है।

(v) **कथन ( क )** और **कारण ( ख )** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

(कथन व कारण पर आधारित प्रश्न)

**कथन ( क ) :** वर्तमान में विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि लुप्त हुए जानवर धरती पर फिर से घूमते हुए नज़र आ सकते हैं।

**कारण ( ख ) :** 'क्लोनिंग' जैसी वैज्ञानिक प्रक्रिया द्वारा विलुप्त जीवों को पुनर्जीवित करना संभव है।

(क) **कथन ( क )** गलत है, किंतु **कारण ( ख )** सही है।

(ख) **कथन ( क )** और **कारण ( ख )** दोनों ही गलत हैं।

(ग) **कथन ( क )** सही है और **कारण ( ख ) कथन ( क )** की सही व्याख्या करता है।

(घ) **कथन ( क )** सही है किंतु **कारण ( ख ) कथन ( क )** की उचित व्याख्या नहीं है।

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5

नित जीवन के संघर्षों से,
जब टूट चुका हो अंतरमन।
तब सुख के मिले समंदर का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं।
जब फसल सूख कर जल के बिन,
तिनका-तिनका बन गिर जाए
फिर होने वाली वर्षा का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं।
संबंध कोई भी हो लेकिन,
यदि दुख में साथ न दे अपना।
फिर सुख के उन संबंधों का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं।
छोटी-छोटी खुशियों के क्षण,
निकले जाते हैं रोज जहाँ।
फिर सुख की नित्य परीक्षा का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं।
मन कटु वाणी से आहत हो,
भीतर तक छलनी हो जाए।
फिर बाद कहे प्रिय वचनों का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं।
सुख-साधन चाहे जितने हों,
पर काया रोगों का घर हो।
फिर उन अगणित सुविधाओं का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं।

(i) 'प्रिय वचन' निरर्थक हो जाते हैं जब-

(क) वे किसी को आहत कर देते हैं।

(ख) सचमुच उनका कोई अर्थ नहीं होता है।

(ग) वे किसी आहत हृदय से कहे जाएँ।

(घ) उनका उद्देश्य हृदय को आहत करना हो।

(ii) 'रिश्तों के उपयोगी' होने का अर्थ है -

(क) सुख में साथ निभाने वाले

(ख) दुख में साथ रहने वाले

(ग) रक्त संबंधों पर आधारित रिश्ते

(घ) माधुर्य से भरे हुए रिश्ते

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सी सूक्ति काव्यांश के भाव को प्रकट कर रही है?

(क) बीती ताहि बिसार दे

(ख) अधजल गगरी छलकत जाए

(ग) नाच न जाने आंगन टेढ़ा

(घ) का वर्षा जब कृषि सुखाने

(iv) **कथन ( क )** और **कारण ( ख )** पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए :

**कथन ( क ) :** जीवन में सही समय पर सही कार्य करना नितांत आवश्यक है।

**कारण ( ख ) :** समय बीत जाने पर कर्म के सकारात्मक परिणाम भी व्यर्थ है।

(क) **कथन ( क )** सही है, किंतु **कारण ( ख )** गलत है।

(ख) **कथन ( क )** गलत है किंतु **कारण ( ख )** सही है।

(ग) **कथन ( क )** और **कारण ( ख )** दोनों गलत हैं।

(घ) **कथन ( क )** सही है और **कारण ( ख ) कथन ( क )** की सही व्याख्या करता है।

(v) काव्यांश के आधार पर निम्नलिखित कथनों में से उचित विकल्प चुनिए :

(1) फसल हेतु वर्षा के समय से अधिक उसकी मात्रा महत्वपूर्ण है।

(2) स्वस्थ व्यक्ति ही सुख-सुविधाओं का सही उपभोग कर सकता है।

(3) नित्य संघर्षरत व्यक्ति ही वास्तविक सुख की अनुभूति कर पाता है।

(4) जीवन की छोटी-छोटी खुशियाँ किसी एक बड़ी खुशी से बढ़कर है।

(क) (1) और (2) सही (ख) (1) और (3) सही

(ग) (2) और (4) सही (घ) (3) और (4) सही

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) 'आदत से मजबूर उनकी आँखें चौराहा आते ही मूर्ति की तरफ उठ गईं।' वाक्य भेद का नाम है -

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

(ii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए-

'पानवाले ने साफ़ बता दिया कि वह अब इस बारे में बात करने को तैयार नहीं है।

(क) संज्ञा उपवाक्य (ख) क्रियाविशेषण उपवाक्य

(ग) विशेषण उपवाक्य (घ) संयुक्त उपवाक्य

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य कौन-सा है?

(क) जब वे पहली बार इधर से गुजरे तभी उन्होंने इसे लक्षित किया।

(ख) हालदार साहब की बातें सुनकर वह आँखों ही आँखों में हँस पड़ा।

(ग) वे जीप से कूदकर उस ओर बढ़े और सामने खड़े हो गए।

(घ) ध्यान से देखा तो पाया कि इस बार कोई और चश्मा लगा है।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(1) अपने घर के आसपास देखिए और नगरपालिका के कार्यों के बारे में पता लगाइए।

(2) जो इसे जानते हैं उन्हें उसके बारे में भी अवश्य पता होगा।

(3) यदि किसी को सचमुच देश-प्रेम है तो इन सबसे प्रेम होगा।

(4) हित-चिंतन और हित-साधन की प्रवृत्ति कोरे ज्ञान से भिन्न है।

(क) (1) और (2) (ख) (2) और (3)

(ग) (3) और (4) (घ) (1) और (4)

(v) **कॉलम 1** को **कॉलम 2** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| **कॉलम - 1** | **कॉलम - 2** |
|---|---|
| (A) आसमान काले बादलों से घिरा है और ठंडी हवा बह रही है। | (i) मिश्र वाक्य |
| (B) कार्तिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरू हुईं। | (ii) संयुक्त वाक्य |
| (C) धान के पानी से भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं। | (iii) सरल वाक्य |

(क) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii)

(ख) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i)

(ग) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iii)

(घ) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) 'पूरा गाँव धान के पौधे लगा रहा है।'- वाक्य किस वाच्य भेद का उदाहरण है?

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) करणवाच्य

(ii) 'प्रिंसिपल द्वारा मन्नु को समझाया गया।'- वाक्य में प्रयुक्त वाच्य भेद है-

(क) अपादानवाच्य (ख) कर्तृवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) कर्मवाच्य

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण है-

(क) बालगोबिन से झूठ नहीं बोला जाता।

(ख) हमसे ठंडा खाना नहीं खाया जाता।

(ग) पतोहू से उनका दुख नहीं देखा गया।

(घ) भगत से अब चला नहीं जाता।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कीजिए।
कर्तृवाच्य का/ के उदाहरण है/हैं-

(1) तुम इस तरह नहीं जा सकते।

(2) यह टोली में खेला जाता है।

(3) उनके द्वारा पेंटिंग की जाती है।

(4) अब थोड़ी देर टहल लिया जाए।

(क) (1) और (2) (ख) (2) और (3)

(ग) (1) और (3) (घ) (1) और (4)

(v) **कॉलम 1** को **कॉलम 2** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| **कॉलम - 1** | **कॉलम - 2** |
|---|---|
| (A) यह कविता द्विवेदी जी द्वारा लिखी गई है। | (i) कर्तृवाच्य |
| (B) वह प्रतिदिन बस से विद्यालय जाता है। | (ii) भाववाच्य |
| (C) अब तो उससे चला भी नहीं जाता। | (iii) कर्मवाच्य |

(क) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i)

(ख) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii)

(ग) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii)

(घ) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i)

5. निर्देशानुसार पद-परिचय पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) '<u>हमारे</u> घर के सामने के मैदान की हरी-हरी घास पर ओले गिर रहे थे'- रेखांकित पद का परिचय है -

(क) विशेषण, सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग

(ख) विशेषण, सार्वनामिक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग

(ग) सर्वनाम, पुरूषवाचक, मध्यमपुरूष, एकवचन

(घ) सर्वनाम, निजवाचक, उत्तम पुरूष, बहुवचन

(ii) 'मैं द्वितीय श्रेणी के एक छोटे <u>डिब्बे में</u> चढ़ गया।' रेखांकित पद का परिचय होगा-

(क) पुल्लिंग, एकवचन , रीतिवाचक क्रियाविशेषण

(ख) पुल्लिंग, बहुवचन, परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

(ग) पुल्लिंग, एकवचन , स्थानवाचक क्रियाविशेषण

(घ) स्त्रीलिंग, एकवचन , स्थानवाचक क्रियाविशेषण

(iii) 'इलाहाबाद की सड़कों पर फ़ादर की साइकिल <u>दिख रही है</u>।' रेखांकित का पद-परिचय है -

(क) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमानकाल

(ख) अकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमानकाल

(ग) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमानकाल

(घ) सकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमानकाल

(iv) (1) वह लड़का मेरा भाई है।

(2) वह गाँव जाने वाला है।

इन दोनों वाक्यों में 'वह' का सामान्य पद-परिचय होगा -

(क) पहला 'वह' सार्वनामिक विशेषण, दूसरा 'वह' अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(ख) पहला 'वह' सार्वनामिक विशेषण, दूसरा 'वह' निश्चयवाचक सर्वनाम

(ग) पहला 'वह' अनिश्चयवाचक सर्वनाम, दूसरा 'वह' विशेषण

(घ) पहला 'वह' निश्चयवाचक सर्वनाम, दूसरा 'वह' विशेषण

(v) 'डॉ. अंबालाल पिताजी के अंतरंग और अभिन्न <u>मित्र</u> थे।' रेखांकित का पद-परिचय है-

(क) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, स्त्रीलिंग, बहुवचन

(ख) संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन

(ग) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन

(घ) संज्ञा, जातिवाचक, स्त्रीलिंग, बहुवचन

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) ''उठ रहा धुआँ, जल गया ताल''- इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है –

(क) उत्प्रेक्षा (ख) श्लेष

(ग) मानवीकरण (घ) अतिशयोक्ति

(ii) ''मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोई।

जा तन की झांई परै, श्याम हरित-दुति होई।।'' – इन काव्य पंक्तियों में अलंकार है –

(क) अतिशयोक्ति (ख) मानवीकरण

(ग) उत्प्रेक्षा (घ) श्लेष

(iii) ''बीती विभावरी जागरी,

अंबर पनघट में डुबो रही,

तारा घट उषा नागरी।।'' पंक्ति में निहित अलंकार है –

(क) मानवीकरण (ख) अतिशयोक्ति

(ग) उत्प्रेक्षा (घ) श्लेष

(iv) ''सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करूई ककरी'' – इस काव्य पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है –

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) अतिशयोक्ति (घ) मानवीकरण

(v) ''ऊँघ रहे थे घूम द्वार पर, प्रहरी-से जुगनू नाना।'' – इन काव्य पंक्तियों में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है ?

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) मानवीकरण (घ) अतिशयोक्ति

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। 1x5=5

पूरी बात तो अब पता नहीं, लेकिन लगता है कि देश के अच्छे मूर्तिकारों की जानकारी नहीं होने और अच्छी मूर्ति की लागत अनुमान और उपलब्ध बजट से कहीं बहुत ज्यादा होने के कारण काफी समय ऊहापोह और चिट्ठी-पत्री में बरबाद हुआ होगा और बोर्ड की शासनावधि समाप्त होने की घड़ियों में किसी स्थानीय कलाकार को ही अवसर देने का निर्णय किया गया होगा। और अंत में कस्बे के इकलौते हाई स्कूल के इकलौते ड्राइंग मास्टर-मान लीजिए मोतीलाल जी को ही यह काम सौंप दिया गया होगा, जो महीने भर में मूर्ति बनाकर 'पटक देने' का विश्वास दिला रहे थे।

जैसा कि कहा जा चुका है, मूर्ति संगमरमर की थी। टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँची। जिसे कहते हैं बस्ट। और सुंदर थी। नेताजी सुंदर लग रहे थे। कुछ-कुछ मासूम और कमसिन। फ़ौजी वर्दी में। मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो...' वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था।

(i) मूर्ति का निर्माण किसने करवाया ?

(क) स्थानीय जनता (ख) स्थानीय कलाकार

(ग) स्थानीय विद्यालय (घ) स्थानीय नगरपालिका

(ii) मूर्ति देखकर हालदार साहब को क्या याद आने लगता था ?

(क) नेताजी द्वारा दिए गए नारे (ख) आज़ादी से जुड़े अन्य नेता

(ग) नेताजी द्वारा किए गए कार्य (घ) नेताओं द्वारा किए गए कार्य

(iii) 'इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था' का आशय बताने वाले उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

(1) मूर्ति काफी जीवंत प्रतीत होती थी।

(2) मूर्ति में कोई कमी नहीं थी।

(3) मूर्ति का आकार सराहने योग्य था।

(4) मूर्ति नेताजी की ही लगती थी।

(क) (1) और (2) सही (ख) (1) और (3) सही

(ग) (1) और (4) सही (घ) (2) और (4) सही

(iv) मूर्ति बनाने का काम मोतीलाल जी को सौंपने के पीछे क्या कारण रहा होगा ?

(क) समय पर काम पूर्ण होने के आश्वासन के कारण।

(ख) स्थानीय कलाकारों को ही बढ़ावा देने के कारण।

(ग) अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध मूर्तिकार होने के कारण।

(घ) हाई स्कूल के एकमात्र ड्राइंग अध्यापक होने के कारण।

(v) **कथन ( क )** और **कारण ( ख )** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

**कथन ( क ) :** मूर्तियाँ-स्मारक लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाए रखते हैं।

**कारण ( ख ) :** महापुरूषों की मूर्तियाँ महज़ सजावटी वस्तु ही नहीं होती हैं।

(क) **कथन ( क )** सही और **कारण ( ख )** गलत है।

(ख) **कथन ( क )** गलत परंतु **कारण ( ख )** सही है।

(ग) **कथन ( क )** और **कारण ( ख )** दोनों गलत हैं।

(घ) **कथन ( क )** और **कारण ( ख )** दोनों सही हैं।

8. 'क्षितिज' के गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। 1x2=2

(i) लेखक के सेकंड क्लास के डिब्बे में आ जाने पर उसमें पहले से बैठे व्यक्ति को क्या प्रतिक्रिया हुई ?

(क) आँखों में असंतोष के भाव (ख) किसी भी प्रतिक्रिया का अभाव

(ग) आँखों में संतोष की चमक (घ) चेहरे पर उत्साह का भाव

(ii) भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी, जो न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत के साथ-साथ और भी कई बातों का ज्ञान रखता है, फिर भी उसे संस्कृत क्यों नहीं कहा जा सकता ? उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

(1) उसका ज्ञान उसके स्वयं की खोज का परिणाम है।

(2) उसका ज्ञान उसके स्वयं की खोज नहीं है।

(3) आविष्कार करने वाला व्यक्ति ही संस्कृत होता है।

(4) खोजों को परिष्कृत करने वाला संस्कृत होता है।

(क) (1) और (2) सही (ख) (1) और (3) सही

(ग) (3) और (4) सही (घ) (2) और (3) सही

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। 1x5=5

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरे। देखा राम नयन के भोरें।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।।
बालकु बोलि बधौं नहि तोही। केवल मुनि जड़ जानहि मोही।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही। बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही।।
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही।।
सहसबाहुभुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा।।

(i) परशुराम ने लक्ष्मण को अपने बारे में क्या-क्या बताया? अनुपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

(क) मैं अत्यंत क्रोधी स्वभाव का हूँ।

(ख) मैं क्षत्रिय कुल का संहारक हूँ।

(ग) मैं एक बाल ब्रह्मचारी हूँ।

(घ) मैं सहस्रबाहु जैसा वीर हूँ।

(ii) परशुराम के व्यक्तित्व की विशेषता बताने वाले उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

(1) उग्र और आक्रामक
(2) उदार और शांत
(3) क्रोधी और आत्मप्रशंसक
(4) हँसमुख और गंभीर

(क) सिर्फ (1) और (2) सही
(ख) सिर्फ (2) और (3) सही
(ग) सिर्फ (1) और (3) सही
(घ) सिर्फ (1) और (4) सही

(iii) **कथन ( क )** और **कारण ( ख )** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

**कथन ( क ) :** परशुराम की बातों से प्रभावित हो लक्ष्मण उनसे मीठी-मीठी बातें कर रहे थे।

**कारण ( ख ) :** लक्ष्मण की बातें सुनकर परशुराम शांत और प्रसन्न हो गए।

(क) **कथन ( क )** गलत है किंतु **कारण ( ख )** सही है।

(ख) **कथन ( क )** और **कारण ( ख )** दोनों गलत हैं।

(ग) **कथन ( क )** सही है और **कारण ( ख )** उसकी सही व्याख्या करता है।

(घ) **कथन ( क )** सही है और **कारण ( ख )** उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) लक्ष्मण की वाणी कैसी थी ?

(क) शांत (ख) गंभीर

(ग) भयपूर्ण (घ) व्यंग्यपूर्ण

(v) लक्ष्मण ने धनुष भंग होने के क्या-क्या तर्क दिए ? उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

(1) राम ने इसे पुराना धनुष जानकर तोड़ दिया।

(2) धनुष अपने आप बिना हाथ लगाए टूट गया।

(3) पुराना धनुष टूट जाने से कोई हानि नहीं हुई।

(4) हमारी दृष्टि में सभी धनुष एक समान ही हैं।

(क) सिर्फ (1) और (2) सही (ख) सिर्फ (2) और (3) सही

(ग) सिर्फ (3) और (4) सही (घ) सिर्फ (1) और (4) सही

**10.** पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- **1x2=2**

(i) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और 'संगतकार' के संबंध में उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

(क) संगतकार मुख्य गायक के साथ आकर उसकी गायन शक्ति को बढ़ा देता है।

(ख) मुख्य गायक का निकट संबंधी ही गायन में उसका संगतकार बन सकता है।

(ग) संगतकार मुख्य गायक का साथ स्वयं की पहचान बनाने के लिए देता है।

(घ) तारसप्तक में गाते समय संगतकार के स्वर मुख्य गायक को भटका देते है।

(ii) 'अपरस रहत सनेह तगा तै' का आशय है -

(क) उद्धव को गोपियों की विरह-वेदना का पूरा अहसास है।

(ख) उद्धव को प्रेम और विरह की अनुभूति नहीं है।

(ग) उद्धव को कृष्ण के प्रेम की पूरी अनुभूति है।

(घ) कृष्ण को प्रेम के बंधन का ज्ञान नहीं है।

## खंड - ब

### ( वर्णनात्मक प्रश्न )

11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2x3=6

(i) अपार मान-सम्मान और सफलता प्राप्त कर लेने के बाद भी बिस्मिल्ला खाँ की सरल-सहज जीवन शैली आपको क्या प्रेरणा देती है?

(ii) आप कैसे कह सकते हैं कि बालगोबिन भगत का चरित्र सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार है?

(iii) ''यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी----। कथन का संदर्भ स्पष्ट करते हुए पिताजी की मन:स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

(iv) 'ज्ञान-चक्षु खुल गए! पहचाना ये हैं नई कहानी के लेखक!' का आशय स्पष्ट कीजिए।

12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2x3=6

(i) 'अट नहीं रही है' के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि प्रकृति हमारे मन-मस्तिष्क को प्रभावित करती है।

(ii) 'उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की' का भाव स्पष्ट कीजिए।

(iii) मिट्टी के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। मिट्टी ही 'फसल' का आधार है। वर्तमान में बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक जीवन शैली का मिट्टी पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और क्यों?

(iv) 'यह दंतुरित मुसकान' में शिशु से मिलकर कवि को कैसी अनुभूति हुई?

13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 4x2=8

(i) 'माता का अंचल' पाठ में भोलाराम के पिताजी की एक खास छवि दिखाई पड़ती है। क्या वर्तमान में भी आप पिता की ऐसी ही छवि देख पाते हैं?

(ii) 'साना साना हाथ जोड़ि...' के आधार पर सिक्किम में महिलाओं की जीवन शैली और स्थिति पर प्रकाश डालिए।

(iii) जीवन में आत्मानुशासन का क्या महत्व है? 'मैं क्यों लिखता हूँ' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

14. निम्नलिखित तीन विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- 6x1=6

(i) मुड़ो प्रकृति की ओर

**संकेत बिंदु :**
- मनुष्य प्रकृति का अंग
- मानव द्वारा प्रकृति से खिलवाड़
- गहराता संकट
- प्रकृति संरक्षण के उपाय

(ii) बढ़ती जनसंख्या : एक भीषण संकट

**संकेत बिंदु :**
- बढ़ती जनसंख्या का अर्थ
- कारण
- प्रभाव
- समाधान के संभावित उपाय

(iii) सोशल मीडिया : एक बुरी लत

**संकेत बिंदु :**
- सोशल मीडिया का अर्थ
- बुरी लत कैसे ?
- युवाओं पर प्रभाव
- समाधान

15. आप रोहन हैं। अपने छोटे भाई अर्जुन को जीवन में अच्छे शौक(हॉबी) का महत्व बताते हुए उसे इसके लिए प्रेरित करते हुए लगभग 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। 5x1=5

**अथवा**

आप सुंदरनगर निवासी नंदकिशोर राज/नंदिनी राज हैं। आपके क्षेत्र में गरमी के दिनों में पेय जल का संकट गहरा जाता है। अपने क्षेत्र के नगरपालिका के आयुक्त को पत्र लिखकर इस समस्या के समाधान हेतु आग्रह कीजिए।

16. दैनिक समाचार पत्र 'नवभारत टाइम्स' के माध्यम से आपको आदर्श पब्लिक स्कूल में हिंदी अध्यापक पद की रिक्तियों का पता चला है। आप उक्त पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार हैं। आप विद्यालय प्राचार्या/प्राचार्य को आवेदन भेजते हुए लगभग 80-100 शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत लिखिए। 5x1=5

**अथवा**

आप नई सड़क निवासी अंश मोहन/अंशिका मोहन हैं। आप अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना चाहते/ चाहती हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज और प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करने के लिए राज्य परिवहन विभाग के निदेशक को एक ई-मेल लिखिए।

**17.** आप प्रियांश चक्रवर्ती/ प्रिया चक्रवर्ती हैं। आपकी बहन का चयन राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के लिए हो गया है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग 60 शब्दों में एक संदेश लिखिए। **4x1=4**

**अथवा**

'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' पर ऊर्जा संरक्षण हेतु जागरूकता के प्रचार-प्रसार के लिए ऊर्जा विभाग हेतु लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

-oOo-